हिन्दी दैनिक

RNI-BIHHIN/2012/43368

# नवशक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti news paper patna

वर्ष : 14, अंक : 06 पटना, शुक्रवार, 21 फरवरी, 2025 पृष्ठ : 8 मूल्य : दो रुपये

# प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने नालंदा जिला को दी 820 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात, 263 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

**नालंदा , ( संवाददाता)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के क्रम में नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड के नानन्द गांव स्थित बने कार्यक्रम स्थल से नालंदा जिले के लिए 820.72 करोड़ रुपये की कुल 263 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 361.66 करोड़ रुपये की 177 योजनाओं का उ?द्घाटन और 459.05 करोड़ रुपये की 86 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।मुख्यमंत्री ने आज नालंदा जिले में विभिन्न जगहों पर विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सिलाव प्रखंड के नानन्द ग्राम में जल-जीवन-हरियाली अभियान योजना के अंतर्गत जीर्णोद्धार किए गए तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तालाब बहुत अच्छा बना है। मुख्यमंत्री ने वहां निर्मित हुनर पुस्तकालय भवन का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने हुनर पुस्तकालय भवन का निरीक्षण कर वहां अध्ययनरत बच्चे बच्चियों से बातचीत की और उनका उत्साहवर्द्धन किया। मुख्यमंत्री ने तालाब के बगल में 19.22 लाख रुपये की लागत से निर्मित किए गए सामाजिक उत्थान पार्क का जायजा लिया। इस दौरान इस पार्क को संचालित करनेवाली जीविका दीदियों से मुख्यमंत्री ने बातचीत की और कहा कि यह पार्क अच्छा बना है, इसको ठीक ढंग से मेंटेन रखें। मुख्यमंत्री ने तालाब की देखभाल करने तथा नाव का संचालन करनेवाली जीविका दीदियों को प्रमाण पत्र दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परिसर काफी अच्छा बना है। तालाब के बगल में खूबसूरत पार्क है। यहां का दृश्य अच्छा है। गांव के लोग यहां घूमने-फिरने के साथ-साथ प्राकृतिक वातावरण का भी आनंद उठा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से कहा कि आपलोग इस परिसर का बेहतर ढंग से देखभाल करें। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम 'जीविका' दिया और इससे जुड़नेवाली महिलाओं को 'जीविका दीदी' नाम दिया। आपलोगों के उत्थान के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। आपसब मिल-जुलकर आगे बढ़िए।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने महादलित बस्ती, नानन्द का भ्रमण किया। वहां बनाए गए खेल मैदान का जायजा लिया और खिलाड़ियों को बास्केट बॉल प्रदान कर खेल का शुभारंभकिया। मुख्यमंत्री ने सामुदायिक भवन सह वर्कशेड का उद्घाटन कर जायजा लिया और बाल हृदय योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत पशु धन के हस्तांतरण का प्रमाण पत्र दिया।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने नानन्द गांव में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग, कृषि विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग आदि के स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री निजी अन्य प्रजाति पौधशाला योजना, मुख्यमंत्री निःशक्त जन विवाह प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, देशी गौ-पालन प्रोत्साहन योजना, समेकित भेड़ एवं बकरी विकास योजना, समेकित मुर्गी विकास योजना और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने महादलित-दलित, अल्पसंख्यक, अति पिछड़ा, अक्षर आंचल साक्षरता केंद्र का उद्घाटन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने पंचाने सिंचाई योजना के समेकित कमांड क्षेत्र का मानचित्र के जरिए अवलोकन किया।मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदियों द्वारा जीविकोपार्जन हेतु की जा रही विभिन्न गतिविधियों एवं उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत 10 हजार 922 स्वयं सहायता समूह को 263 करोड़ 32 लाख रुपये का, 10 हजार 775 स्वयं सहायता समूह को 29 करोड़ 11 लाख रुपये का और 2753 स्वयं सहायता समूह को 9 करोड़ 60 लाख रुपये का



सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों के स्टॉल पर लगाए गए विभिन्न उत्पादों को देखा और जीविका दीदियों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 में जब हमलोगों को बिहार में काम करने का मौका मिला तो हमने देखा कि यहां स्वयं सहायता समूह की संख्या नाम मात्र की है। हमलोगों ने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूह की संख्या बढ़ानी शुरू की। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम 'जीविका' दिया जिससे प्रेरित होकर तत्कालीन केंद्र सरकार ने इसका नाम 'आजीविका किया। हमने जीविका से जुड़ी महिलाओं को 'जीविका दीदी' नाम दिया। शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूह का विस्तार किया जा रहा है। अबतक स्वयं सहायता समूह से 1 करोड़ 35 लाख जीविका दीदियां जुड़ चुकी हैं और शहरी क्षेत्रों में भी साढ़े तीन लाख जीविका दीदी जुड़ चुकी हैं। स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन रही हैं। इससे बिहार की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। उनका पहनावा और बोलचाल भी काफी अच्छा हो गया है। वे लोगों से बेहिचक होकर बातें करने लगी हैं। मैं आप सभी जीविका दीदियों को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई देता हूं, आपलोग बहुत आगे बढ़ें, खूब तरक्की करें। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपकी बदौलत हमलोगों का जीवन सुधरा है और हमलोगों को नई पहचान मिली है। हमलोगों की पारिवारिक और सामाजिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है, यह सब आपकी देन है।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने 37 करोड़ 89 लाख रुपये लागत के नवनिर्मित राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय उच्च विद्यालय भवन, सब्बैत का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने पूरे विद्यालय परिसर का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक भवन एवं आवासीय भवन के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने रोबोटिक्स लैब का जायजा लिया और बच्चियों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने वहां बच्चियों से खाने-पीने, रहने और शैक्षणिक कार्य आदि के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां आपलोगों के रहने की भी सुविधा है, आपलोग अच्छे से पढ़ाई कीजिए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न कक्षाओं का जायजा लिया। इस दौरान एक बच्ची मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए बोली कि आपके नेतृत्व में महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में बहुत बेहतर कार्य हो रहा है। महिलाओं के विकास के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने धन्यवाद देते हुए कहा कि आपसब देश की भविष्य हैं, खूब अच्छे से पढ़िए और आगे बढ़िए। मुख्यमंत्री के विद्यालय परिसर के भ्रमण के दौरान बच्चियों ने ताली बजाकर उनका अभिवादन किया।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने मोहनपुर मत्स्य बीज उत्पादन केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मत्स्य पालन की नई तकनीकों के संबंध में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यहां 12 एकड़ में निर्मित 16 तालाबों में मछली उत्पादन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मोहनपुर मत्स्य हैचरी के पूरे परिसर का जायजा लिया और कहा कि यह बहुत अच्छा है। इससे मछली उत्पादकों को काफी लाभ होगा।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने राजगीर कुंड परिसर के नवनिर्मित यात्री विश्राम भवन का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कुंड परिसर के संपूर्ण विकास के लिए बनाई गई योजना की साइट प्लान के माध्यम से विस्तृत जानकारी ली। पुजारियों द्वारा अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने पुजारियों को धन्यवाद दिया। पुजारियों ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपने राजगीर में ऐसी उत्तम व्यवस्था करवा दी है जिससे देश-विदेश के पर्यटक यहां आते हैं और आनंदित होते हैं।मुख्यमंत्री ने नालंदा जिला के बिंद प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 218.20 लाख रुपये की लागत से 100 बेड के बालिका छात्रावास भवन का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। विद्यालय प्रांगण में बने खेल मैदान का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि खूब मन लगाकर पढ़िए और खेलिए। आप सभी को मैं अपनी शुभकामनाएं देता हूं। राज्य सरकार विभिन्न खेलों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी प्रदान कर रही है। पढ़ाई के साथ-साथ अपनी रूचि के अनुसार खेल में भी हिस्सा लें। इससे मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य भी दुरुस्त रहता है। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, बिंद के परिसर में आत्मरक्षा हेतु जुडो कराटे की प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं से मुख्यमंत्री ने बातचीत कर उन्हें बधाई दी। बिंद मोड़ के पास बेनार-सकसोहरा पी०डब्ल्यू०डी० पथ के चौड़ीकरण एवं निर्माण हेतु प्रस्तावित योजनाओं का मुख्यमंत्री ने स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने साइट मैप के माध्यम से मुख्यमंत्री को 9671.47 लाख रुपये की लागत से अस्थावां-सकसोहरा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस पथ की कुल लंबाई 18.45 किलोमीटर है। इस पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य पूर्ण हो जाने से शेखपुरा, लखीसराय, जमुई, मुंगेर, नवादा एवं झारखंड राज्य से राजधानी पटना सहित उत्तर बिहार का आवागमन सुगम हो जाएगा।

इसके अलावा अधिकारियों ने 3912.00 लाख रुपये की लागत से बिहार-बख्तियारपुर पथ के चौड़ीकरण कार्य तथा 3361.27 लाख रुपये की लागत से ऐतवारी बाजार से उपरौरा मोड़ वाया समाहरणालय (नालंदा), अम्बेर मोड़, नई सराय, खंदकपर पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की प्रगति के संबंध में भी मुख्यमंत्री को जानकारी दी। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इन पथों के चौड़ीकरण हो जाने से जाम की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी।

## पंजाब के पास किसी भी राज्य को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं : मुख्यमंत्री मान

**पंजाब।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि राज्य के पास किसी भी प्रदेश को देने के लिए एक बूंद भी पानी नहीं है। मान ने पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के बीच नदी जल विवादों के निपटारे के लिए गठित रावी ब्यास जल अधिकरण के समक्ष यह बात कही।



अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विनीत सरन, सदस्यों न्यायमूर्ति पी. नवीन राव और न्यायमूर्ति सुमन श्याम तथा रजिस्ट्रार रीता चोपड़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य के पास किसी अन्य राज्य के साथ साझा करने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है और किसी के साथ पानी की एक बूंद भी साझा करने का सवाल ही नहीं उठता।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मान ने कहा कि पंजाब के पास किसी अन्य राज्य के साथ साझा करने के लिए कोई अतिरिक्त पानी नहीं है और अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार पानी की उपलब्धता का पुनर्मूल्यांकन आवश्यक है। उन्होंने अधिकरण के सदस्यों से राज्य के लोगों को न्याय दिलाने का भी आग्रह किया।

अधिकरण के सदस्य रावी जल प्रणाली के दौरे के लिए पंजाब में हैं। मान ने बताया कि पंजाब के 76.5 प्रतिशत ब्लॉक (153 में से 117) अत्यधिक दोहन वाले हैं, जहां भूजल निकासी का स्तर 100 प्रतिशत से अधिक है, जबकि हरियाणा में केवल 61.5 प्रतिशत ब्लॉक (143 में से 88) अत्यधिक दोहन वाले हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चूंकि राज्य में अधिकतर नदी जल संसाधन सूख चुके हैं, इसलिए उसे अपनी सिंचाई जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक पानी की आवश्यकता है।

मान ने कहा कि स्थिति इतनी गंभीर है कि पंजाब के पास बहुत कम पानी है, जिसे वह सिर्फ अपने खाद्य उत्पादकों को दे पा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में किसी अन्य राज्य के साथ पानी की एक बूंद भी साझा करने का सवाल ही नहीं उठता।

## नीतीश की राजनिति लव-कुश पर आधारित है : नागमणि

**पटना , (संवाददाता)।** कोयरी आक्रोश महारैली 23 फरवरी 2025 को पटना गांधी मैदान में होना है उसकी तैयारी के लिए मैने छ महीने लगातार बिहार के सभी जिला के 6-7 प्रखण्ड- और गांव गांव में कोयरी समाज को एकजुट करने का काम किया हैं। पूरे बिहार में होर्डिंग और पटना में 400 होर्डिंग 10 गेट बनाया जा रहा है, गांधी मैदान में मिटिंग की पूरी तैयारी कर लिया गया है हर जिले प्रखण्ड और गांव-गांव से आने वालो का दिन रात फोन आ रहा है क्योकि नीतीश सरकार ने जातिय जनगणना में 12 प्रतिशत कोयरी समाज को अपमानीत एवं जलील करने के लिए मात्र 4.25 प्रतिशत कर दिया है जो हक और अधिकार के साथ गुण्डागर्दी




किया गया है। ये बातें शोषित इंकलाब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि ने प्रेस वार्ता कर दी। आम लोगों मेंजबरदस्त गुस्सा और आक्रोश है ।1994 में भी हमने कुशवाहा सम्मेलन पटना गांधी मैदान में अजादी के बाद पहली बार किया था काफी फायदा समाज को हुआ था, सम्मेलन के एक साल बाद चुनाव हुआ 12 विद्यायक के जगह पर 7 मंत्री बनाया गया। बी.पी. एस में सदस्य बनाया गया, उपकुलपती बनाया गया है कॉलेजसर्विस कमिशनका अध्यक्ष बनाया गया । आप नीतीश कुमार की सरकार को कोयरी कुर्मी की सरकार कही जाती है लेकिन आज हिस्सेदारी 30 साल पहले मीली थी आज कुछ भी नहीं है कोयरी आकोश महारैली में लाखों-लाख लोग जुटेगें उसी दिन पूरे मीडीया आप लोग और राजनैतिक पार्टी को एहसास हो जायेगा की नीतीश की राजनीती ओम नमः स्वः यानी समाप्त हो जायेगा क्योकि नीतीश की राजनिति लव-कुश पर आधारित है बिहार में कुर्मी मात्र 1.25 प्रतिशत है और कोंबरी 12 प्रतिशत है। जय कोयरी लाखों लोग नीतिश के खिलाफ जंग छोड़ देगे तो नीतीश का नामो नीशान मिट जायेगा।

## जमीन पर संघर्ष करने वाले कार्यकताओं को मिलेगा सम्मान : कृष्णा अल्लावारू

**पटना, ( संवाददाता)।** कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार के नवनियुक्त प्रभारी कृष्णा अल्लावारू का भव्य स्वागत किया गया। इसके लिए खास तौर पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश भर के जिलाध्यक्षों समेत तमाम पदाधिकारी-कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। मुख्यालय की ओर जाने वाली सड़कों पर बने बड़े-बड़े तोरणद्वार के अलावा घोड़ा, ऊँट, बैण्डबाजा एवं नारों की गूंज के साथ कांग्रेसियों ने अपने प्रभारी का स्वागत किया। पार्टी के सभी मोर्चा संगठनों, सभी विभागों एवं प्रकोष्ठों के सभी पदाधिकारी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिये। इस अवसर पर नेताओं और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने मेहनत और क्षेत्र में पकड़ के आधार पर कार्यकताओं को उचित सम्मान देने की बात कही। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बिहार कांग्रेस में जो कार्यकर्ता हैं जो नेता हैं वे बेहद मजबूत हैं। जिस प्रदेश में सालों से हमारी सरकार नहीं है वहां भी अपने कंधे पर कांग्रेस का झंडा उठाया है और ये छोटी बात नहीं है। मैं बिहार कांग्रेस अध्यक्ष, सभी वरिष्ठ नेताओं, नेता और सभी कार्यकताओं को दिल से सलाम करना चाहता हूं। उन्होंने कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि जो जितनी मेहनत करेगा उसको इतना सम्मान देने का काम करूंगा। रेस के घोड़े को शादी में और शादी के घोड़ों को



रेस में नहीं लगाया जाएगा और कार्यकताओं को एकजुट होकर क्षेत्र में चुनावों में उतरने का काम करना होगा। बिहार के बूथ, वार्ड, गांव, पंचायत और प्रखंड से सत्ता निकल कर आती है इसलिए पटना दिल्ली छोड़कर क्षेत्र में मेहनत करें। इस अवसर पर अपने स्वागत भाषण में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि बिहार परिवर्तन की भूमि है और कृष्णा अल्लावारू जी के बारे में जो बातें मुझे बहुत प्रभावित किया वो है उनका आउट ऑफ बॉक्स सोच और बदलाव से लगाव। डॉ. सिंह ने कहा कि बिहार से भाजपा जदयू सरकार को बाहर करना इतनी बड़ी जंग नहीं जैसा मिडिया दशार्ता है।हकीकत यह है कि पिछले विधान सभा चुनाव में हमारे वोट केवल 12 हजार कम थे। इसी तरन गहराई से 2024 के लोक सभा चुनाव में हर क्षेत्र में एक लाख से अधिक मतों की बढ़ोतरी हुई। और मुझे विश्वास है कि 2025 में हमारी सिट 19 से बढ़कर 50 हो जाएगा। अल्लावारु के बारे में उन्होंने कहा कि चीजों को परखने की कला इन्हें अन्य लोगों से अलग करती है एवं उनका प्रबंधन कौशल बिहार कांग्रेस को धारदार बनाएगा।जिन लोगों ने स्वागत समारोह को संबोधित किया उनमे शामिल हैं डॉ. मदन मोहन झा, प्रो. राम जतन सिन्हा, डॉ. शकील अहमद, चन्दन बागची, पूनम पासवान, शाहनवाज आलम, कौकब कादरी, राजेश कुमार, लालबाबू लाल, शिव प्रकाश गरीब दास, शरवत जहां फातिमा, सूरज यादव, चंद्र प्रकाश सिंह, उमेर खान।



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बीरेंद्र कुमार तिवारी, डायरेक्टर -इन -चार्ज, बोकारो स्टील प्लांट, (बीएसएल) एवं श्री विकास मनवटी एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (माइंस, सेल, बोकारो ) ने मुलाकात करते हुए।

# देश में बिहार आदर्श राज्य के रूप में उभर रहा: डॉ. दिलीप जायसवाल

- एनडीए की एकता विरोधियों को परास्त करने के लिए काफी है: उमेश सिंह कुशवाहा
- एनडीए विकास की प्रतीक: राजू तिवारी
- राजद और कांग्रेस ने बिहार को रसातल में भेजा: अनिल सिंह
- बिहार को राजद ने 'जंगलराज' का बदनुमा दाग दिया: मदन चौधरी

**पटना।** एनडीए संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन के चौथे चरण के अंत में कार्यकर्ता सम्मेलन का कारवां आज कैमूर पहुंचा। इस सम्मेलन के दौरान कार्यकताओं में अभूतपूर्व जोश देखने को मिला। आज के सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल सहित एनडीए घटक दलों के सभी प्रदेश अध्यक्षों ने हिस्सा लेते हुए जहां कार्यकताओं को एकजुटता का संदेश दिया वहीं अगले चुनाव में 225 सीट के गठबंधन के संकल्प को पूरा करने के संकल्प को दोहराया। कैमूर में आयोजित विराट एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के अलावा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, लोजपा (आर) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह, रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। इस सम्मेलन में सभी घटक दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जुटे। इस सम्मेलन के जरिए सभी घटक दलों के कार्यकताओं ने एकजुटता दिखाते हुए बूथ स्तर तक इस गठबंधन को मजबूत बनाने का विश्वास अपने अध्यक्षों को दिया। इस सम्मेलन में एनडीए के कई सांसद, विधायक और विधान पार्षद भी शामिल हुए। सम्मेलन में आए एनडीए कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि एनडीए की सरकार जहां भी बनती है उसका लक्ष्य विकास होता है, बिहार में भी हम यह कर के दिखला रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए के संकल्प ही चहुंमुखी प्रगति के साथ विकसित बिहार का है और इसी संकल्प के साथ सरकार आगे बढ़ रही है, जिसमें केंद्र सरकार भी अपनी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि सही अर्थों में एनडीए की शक्ति का मुख्य आधार ही जनशक्ति रही है। लोगों का मिल रहा समर्थन ही इस गठबंधन को आगे बढ़ने की ताकत देता है और हमें जोश से भरता है। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा, ₹प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'सात निश्चय' के विजन ने बिहार को एक नई दिशा दी है। नीतीश के निश्चय और मोदी है तो मुमकिन है कि साथ बिहार आत्मनिर्भर बनने को ओर अग्रसर है और पूरे देश में एक आदर्श राज्य के रूप में उभर रहा है। उन्होंने राजद पर तंज कसते हुए उपस्थित लोगों से सवाल करते हुए कहा कि क्या बिहार का नेता नौंवी पास होगा? उन्होंने कहा कि बिहार की धरती ने दुनिया को जहां लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया, पूरे विश्व को शांति का संदेश दिया, बिहार में चाणक्य जैसे विद्वान पैदा हुए। भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि अगले चुनाव में एनडीए विजयी होगी और नीतीश कुमार फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे।जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कार्यकताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि 'हम सब एक हैं' और आने वाले चुनाव में यह एकता विरोधियों को परास्त करने के लिए काफी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह एकता हमें बूथ स्तर तक दिखनी चाहिए। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि अगर सुशासन के साथ विकास की नीति को अपनाया जाए, किसी भी प्रदेश को विकास के रास्ते पर ले जाया जा सकता है और आज नीतीश कुमार की सरकार इसी आधार पर आगे बढ़ रही है।



लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि बिहार आज एनडीए के नेतृत्व में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए जहां भी है वह विकास के प्रतीक के रूप में उभरी है जबकि कांग्रेस और राजद की पहचान ही भ्रष्टाचार और कुशासन की रही है। दावा करते हुए उन्होंने कहा कि आज 20 सालों से नीतीश कुमार सरकार में हैं लेकिन विपक्ष चाहकर भी उन पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा सकी।

हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से बिहार के लोग विकास को देख रहे हैं जबकि कांग्रेस और राजद ने बिहार को रसातल में पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी थी। आज भी उस दौर के लोग सड़कों की हालत को याद करते हैं। रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने राजद पर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि इस राजद की सरकार के कारण इस बिहार को जंगलराज जैसा बदनुमा दाग झेलना पड़ा जबकि कांग्रेस के कारण आपातकाल देश ने देखा। सही अर्थों में इन्हें संविधान से कभी कोई मतलब नहीं रहा, जब भी मौका मिला संविधान की धज्जियां उड़ा दी।

## तेजस्वी यादव की कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम अभूतपूर्व और कार्यकताओं के लिए उत्साह से भरा प्रेरणादायक रहा: राजद

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की ' कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम ' का अंतिम दिन दिनांक 21 फरवरी; 2025 को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम के माध्यम से पटना जिला के 14 विधानसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करेंगे। इसके साथ ही तेजस्वी जी का कार्यकर्ता दर्शन सह कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का समापन हो जाएगा।उक्त जानकारी देते हुए राजद प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने बताया तेजस्वी यादव जी ने दिनांक 10 सितंबर; 2024 को जननायक कपूर्री ठाकुर जी के जन्मभूमि समस्तीपुर से कार्यकर्ता दर्शन सह कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किये थे। अबतक तेजस्वी यादव जी ने 37 जिलों के कुल 229 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित कर चुके हैं।

राजद प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी यादव जी की 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम ' अभूतपूर्व और पार्टी कार्यकताओं के लिए उत्साह से भरा प्रेरणादायक रहा। वहीं कार्यकर्ता संवाद के माध्यम से गांव-ग्रामीणों की जो ज्वलंत समस्या है, वो तेजस्वी जी के सामने आए हैं। बेरोजगारी, पलायन, मंहगाई, गरीबी, अपराध और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से लोग परेशान है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी यादव जी 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में प्रण लेकर आ रहे हैं सरकार बनने पर इसी वर्ष बिहार देखेगा कि घर-घर से स्मार्ट चीटर यानी स्मार्ट मीटर हट चुके हैं, हर घर में 200 यूनिट फ्री बिजली के रूप में मिलने लगेगी, बेरोजगारों को नौकरी मिलेगा, कृषि आधारित उद्योग, फूड प्रोसेसिंग यूनिट, इंडस्ट्रियल क्लस्टर एवं नए उद्योग-धंधे स्थापित कर पलायन को रोका जाएगा।माई-बहिन मान योजना के रूप में हर महीने 2500 रुपए माताओं-बहनों को उनके खाते में सीधा पहुँचेगा। दिव्यांगों, विधवा माता-बहनों और बुजुर्गों को पेंशन के रूप में मिलने वाले 400 की जगह 1500 रुपए दिए जाएँगे। सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाया जाएगा। आर्थिक न्याय के जरिए समाज के हर वर्ग के जरूरतमंद की मदद की जाएगी। बिहार में परिवर्तन की बयार बह रही है इस बयार में नीतीश-भाजपा सरकार का पतन तय है।

## दलित महादलित का समुचित विकास कर सीएम नीतीश कुमार कर रहे हैं बाबा साहब का सपना पूरा: राजेश त्यागी

**खगड़िया।** जनता दल यूनाइटेड अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के द्वारा पूरे बिहार में अंबेडकर रथ भ्रमण करते हुए गुरुवार को खगड़िया विधानसभा के बलहा बाजार पहुंचे ,जहां जदयू के नेताओं ने अंबेडकर रथ का भव्य स्वागत किया। वहीं बालहा बाजार के दुर्गा मंदिर परिसर में अनुसूचित जाति जनजाति अंबेडकर जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चंदेश्वरी राम की अध्यक्षता में किया गया। जबकि संचालन जदयू के जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री तथा जदयू नेता सुनील कुमार बबलू ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में जदयू एससी एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष



राजेश त्यागी, पूर्व विधायक पूनम देवी यादव, जदयू जिला अध्यक्ष बबलू कुमार मंडल एवं प्रदेश महासचिव कैलाश पासवान सहित आगत अतिथियों का अंग वस्त्र बुके से भव्य स्वागत सम्मान किया गया।

जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जदयू अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्यागी ने कहा कि आज बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बदौलत बिहार के अनुसूचित जाति वर्ग के दलित महादलित परिवार काफी तरक्की किया है। 2005 से पूर्व इन वर्गों की हालत काफी दयनीय थी। लेकिन नीतीश कुमार बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के सपनों को पूरा कर रहे हैं। उनके आदर्शों पर चलकर इन वर्गों को विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचा कर समाज के मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया जा रहा है।

श्री त्यागी ने कहा की सीएम नीतीश कुमार जी के निदेर्शानुसार बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर रथ को लेकर बिहार के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जन संवाद कार्यक्रम चलाकर इन वर्गों में एनडीए सरकार द्वारा किए जा रहे तमाम विकास कार्यों को पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इसी के तहत आज हम खगड़िया विधानसभा के बलहा बाजार में जन संवाद कार्यक्रम कर रहे हैं। उन्होंने डबल इंजन की सरकार में दलित महादलित वर्ग के लोगों के विकास के लिए जितने भी योजनाएं चलाई जा रही हैं उन तमाम योजनाओं को विस्तार पूर्वक बतलाया। उन्होंने कहा कि पंचायत नगर निकाय चुनाव में अनुसूचित जाति को आरक्षण का व्यवस्था करने, विकास मित्र ,टोला सेवक, ममता दीदी की बहाली, महिलाओं को पंचायती राज चुनाव में 50% आरक्षण दिया गया। अनुसूचित जाति का अपना हर जिले में थाना स्थापित किया गया। दलित बस्ती में मुख्यमंत्री संपर्क सड़क योजना, महादलित विकास मिशन, महादलित आयोग व अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन एवं अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन राशि देने का काम किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### रोहतास में अमरी मस्जिद के जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाये: एजाज अहमद

**पटना।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बिहार सरकार से अविलंब वक्फ इस्टेट संख्या 1982 अमरी मस्जिद, करवनदिया, सासाराम को पटना उच्च न्यायालय के आदेश वाद संख्या सीडब्लूजेसी 16442/2012 के आलोक में अतिक्रमण मुक्त कराये जाने की मांग की है। इस संबंध में शमसुल हक अंसारी सचिव वक्फ इस्टेट संख्या 1982 के द्वारा प्रतिवेदन सुन्नी वक्फ बोर्ड से लेकर स्थानीय प्रशासन तक गुहार लगाई जा रही है, लेकिन इसपर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, जिस कारण नमाजियों को असुविधा होती है। इस मस्जिद की जमीन पर अतिक्रमणकारी लगातार कब्जा करते जा रहे हैं। जिस कारण लोगों में काफी गुस्सा और आक्रोश है। एजाज ने राज्य सरकार से अविलंब इस दिशा में माननीय पटना उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में अमरी मस्जिद के जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराकर नमाजियों को न्याय दिलाने की अपील की है। जिससे कि समाज में बेहतर वातावरण का निर्माण हो सके।

### डॉ तनवीर हसन बने राजद के राज्य चुनाव पदाधिकारी - 6 मार्च को जिलाध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ रामचन्द्र पूर्वे ने पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधान पार्षद डॉ तनवीर हसन को सांगठनिक सत्र 2025 - 2028 के लिए बिहार का राज्य निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया है। उक्त जानकारी देते हुए पार्टी के सहायक राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी चित्तरंजन गगन ने बताया कि अन्य राज्यों के लिए राज्य निर्वाचन पदाधिकारीयों के चयन की प्रक्रिया चल रही है जल्द हीं बिहार के सहायक राज्य निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य राज्यों के लिए राज्य निर्वाचन पदाधिकारीयों एवं सहायक राज्य निर्वाचन पदाधिकारीयों की घोषणा कर दी जाएगी। मनोनीत राज्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ तनवीर हसन को जिला चुनाव पदाधिकारी एवं सहायक जिला चुनाव पदाधिकारी को नियुक्त कर राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार प्राथमिक ईकाई ( बूथ स्तरीय कमेटी) से लेकर राज्य ईकाई का चुनाव पार्टी संविधान के प्रावधानों के अनुसार सम्पन्न कराने का निर्देश दिया गया है। श्री गगन ने कहा कि राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ रामचन्द्र पूर्वे के निर्देश पर आगामी 6 मार्च को बिहार के सभी जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों की संयुक्त बैठक प्रदेश कार्यालय पटना में बुलाई गई है जिसमें पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा की जाएगी।

### अनएकेडमी: जेईई मेन 2025 सेशन 1 के नतीजों ने फिर रचा इतिहास

**पटना।** अनएकेडमी, भारत का प्रमुख एडटेक प्लेटफॉर्म, ने जेईई मेन सेशन-1 2025 के नतीजों के साथ एक बार फिर नए कीर्तिमान स्थापित किया हैं। अनएकेडमी के 920+ छात्रों ने 99 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, जो इसकी ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा को जोड़ने वाले हाइब्रिड लर्निंग मॉडल की प्रभावशीलता को दशार्ता है।

अनएकेडमी के सह-संस्थापक सुमित जैन ने इन शानदार परिणामों पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हमारे छात्रों ने एक बार फिर अपनी क्षमता और दृढ़ संकल्प को साबित किया है। ये परिणाम हमारे शिक्षकों की प्रतिबद्धता, हमारी अध्ययन सामग्री की गुणवत्ता और हमारे हाइब्रिड लर्निंग मॉडल के प्रभाव को दशार्ते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि यह सिर्फ शुरूआत है और हमारे छात्र जेईई, नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में नए रिकॉर्ड बनाते रहेंगे। शीर्ष स्कोररों में, सौरव ने 100 परसेंटाइल हासिल किया।

## रालोमो प्रदेश कार्यालय पटना में पार्टी कार्यकताओं ने मनाई पार्टी की दूसरी स्थापना दिवस

**पटना।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार प्रदेश कमिटी द्वारा आज पटना कार्यालय में पार्टी का स्थापना दिवस वर्षगांठ केक काटकर मनाया गया` इस मौके पर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को केक खिलाकर अबीर गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया, वही कार्यकताओं ने कहा कि जन जन के कल्याण को समर्पित हमारी पार्टी रालोमो की स्थापना के दो वर्ष आज पूर्ण हुआ` इस दौरान रालोमो परिवार के सदस्यों ने राष्ट्रकवि दिनकर जी की इन पंक्तियों को बखूबी चरितार्थ किया है,

खम ठोक ठेलता है जब नर
पर्वत के जाते पाँव उखड़
मानव जब जोड़ लगाता है
पत्थर पानी बन जाता है

सक्षम और समर्थ नेतृत्व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केन्द्रीय मंत्री माननीय सांसद उपेन्द्र कुशवाहा जी के देख-रेख में पार्टी की जड़े बूथ



स्तर तक मजबूत हुआ है पार्टी आज इस संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है की बिहार में सामाजिक न्याय और समाज के अंतिम व्यक्ति को अगली पंक्ति में लाना है` आज स्थापना दिवस के साथ - साथ अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस है इस अवसर पर सामाजिक न्याय की रक्षा और समाज के कमजोर लोगों के हितों की रक्षा के लिए हमारी पार्टी हमेशा तत्पर रहेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पार्टी व प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता ब्रजेन्द्र कुमार पप्पू ने बताया की इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद श्री उपेन्द्र कुशवाहा ने पुरे बिहार व देश के रालोमो कार्यकताओं व नेताओं को पार्टी की दूसरी स्थापना दिवस पर बधाई दी है` पटना कार्यालय में ढोल, तासा, नगाड़ा के साथ पार्टी नेताओं ने जश्न मनाया` इस मौके पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चौधरी पटेल, संजीव राम, मुख्यालय प्रभारी व महासचिव प्रशांत पंकज प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा, इंजीनियर हेमन्त कुमार, नितिन भारती, प्रदेश महासचिव पप्पू मेहता, बिरेन्द्र प्रसाद दांगी, रजनीश गांधी, प्रदेश सचिव अभिषेक कुमार, रवि प्रताप कश्यप, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु पटेल, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष ई० स्मृति कुमुद, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ० ओमेन्द्र नाथ शर्मा, पटना जिला अध्यक्ष मो० खुर्शीद अहमद, पुर्णिया जिला अध्यक्ष रमेश कुशवाहा, महिला नेत्री स्मिता रानी, माधुरी पटेल, गंगा पाण्डेय, बिनोद पप्पू, मुन्ना चौधरी, कार्यालय सचिव अशोक कुशवाहा, गुड्डू वर्मा समेत सैकडों लोग उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली दुनिया की सबसे बेहतरीन और मॉडल राजधानी बनेगी: चिराग पासवान



**पटना।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपने एक्स पे पोस्ट कर लिखा की दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर श्रीमती रेखा गुप्ता जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमलोगों ने दिल्ली को स्वच्छ और विकसित बनाने का जो वादा किया था, उस दिशा में आप समर्पित भाव से कार्य करते हुए परिश्रम की पराकाष्ठा कर दिल्ली की आशाओं-आकांक्षाओं को पूरा करेंगी। और मुझे इस बात की खुशी है कि दिल्ली में नई सरकार के गठन के पूर्व ही यमुना की सफाई का कार्य भी शुरू हो चुका है , दिल्ली विकास के रथ पर सवार हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में दिल्ली दुनिया की सबसे बेहतरीन और मॉडल राजधानी बनेगी। शालीमारबाग विधानसभा सीट पर मैंने भी जनसभा की थी , उस दौरान लोगों का जो उत्साह था वो दर्शनीय था। दिल्ली की जनता ने सत्ता परिवर्तन का मन बना लिया था। शालीमारबाग की जनता का आभार, जिन्होंने श्रीमति रेखा जी को अपना बहुमूल्य आशीर्वाद देकर दिल्ली की सेवा करने का अवसर दिया। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

## ओआरएसएल बनाने वालों की नई पहल डायरिया से डर नहीं, अगले 2 से अधिक वर्ष में लगभग 5 मिलियन से ज्यादा बच्चों तक पहुंचने का लक्ष्य

**पटना।** ओआरएसएल बनाने वाली कंपनी केनव्यू ने पॉपुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पी.एस.आई. इंडिया) के साथ मिलकर एक नई जनस्वास्थ्य पहल ₹डायरिया से डर नहीं₹ की शुरूआत की है। अगले दो से अधिक वर्षों में लगभग 5 मिलियन बच्चो तक पहुँचने के लक्ष्य के साथ, यह पहल बिहार के 3 जिलों और उत्तर प्रदेश के 7 जिलों में दस्त से होने वाली मृत्यु दर को कम करने और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार पर केंद्रित होगी। यह पहल सरकार के ₹स्टॉप डायरिया₹ अभियान के प्रयासों को पूरक करेगी, जिसका लक्ष्य भारत में दस्त के कारण शून्य शिशु मृत्यु दर प्राप्त करना है। ₹डायरिया से डर नहीं₹ अभियान के तहत, ओआरएसएल के निमार्ता केनव्यू और पी.एस.आई. इंडिया राज्य सरकार के अधिकारियों ओर स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर एक एकीकृत दस्त प्रबंधन कार्यक्रम लागू करेंगे। यह कार्यक्रम रोकथाम और उपचार के दोनों पहलुओं पर केंद्रित होगा, जिसमें विशेष रूप से 0 से 5 वर्ष के बच्चों पर ध्यान दिया जाएगा।

इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यों होंगे जिसमें कि पहला उद्देश्य बिन्दु में समुदाय में जागरुकता बढ़ाना और व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करना ताकि दस्त प्रबंधन को प्रभावी बनाया जा सके। दूसरा उद्देश्य बिन्दु में आशा कार्यकताओं, सेवा प्रदाताओं और देखभालकताओं की क्षमता निर्माण में सहायता करना, जो इस स्थिति के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके तीसरे उद्देश्य बिन्दु में बच्चों में ओरल रिहाइड्रेशन



साल्ट (ओ.आर.एस.) और जिंक के वितरण के साथ-साथ समग्र हाइड्रेशन समाधानों द्वारा डायरिया के मामलों की शीघ्र पहचान सुनिश्चित करना और मामलों के उच्च कवरेज और प्रबंधन को बढ़ावा देना। इस पहल को बिहार के सुपौला, दरभंगा और पूर्णिया में शुरू किया जाएगा और परिणामो के आधार पर बाकी के जिलों में इसका प्रसार किया जाएगा।

इस पहल के बारे में बात करते हुए, प्रशांत शिंदे, बिजनेस यूनिट हेड - सेल्फ केयर, केनव्यू ने कहा पिछले 20 वर्षों से, ओआरएसएल, हमारा प्रतिष्ठित इलेक्ट्रोलाइट ब्रांड, फ्लूइड, इलेक्ट्रोलाइट और एनर्जी पर वैज्ञानिक अनुसंधान को आगे बढ़ा रहा है, जिससे उन्नत हाइड्रेशन फॉमूर्लेशन विकसित हुए हैं। हाल ही में लॉन्च किए गए रेडी टू ड्रिंक ओआरएस - डबल्यू.एच.ओ. अप्रूव्ड फॉमूर्ला के साथ, हमने अपने हाइड्रेशन पोर्टफोलियो का विस्तार किया है, जो दस्त से तेजी से रिकवरी में सहायता करने वाला एक प्रभावी समाधान प्रदान करता है।दस्त से निपटने के प्रयासों पर टिप्पणी करते हुए, दीप्ती माथुर, एसोसिएट डायरेक्टर, पी.एस.आई. इंडिया ने कहा, बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं, और उनका स्वास्थ्य सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत सरकार का राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.), राज्य सरकारों के साथ मिलकर दस्त की रोकथाम और प्रबंधन में लगातार प्रयासरत है। केनव्यू के सहयोग से, पी.एस.आई. इंडिया सरकार की 'स्टॉप डायरिया एंव दस्तक अभियान जैसी पहलों को और मजबूती देने का प्रयास करेगा, साथ ही स्वच्छता, संतुलित पोषण, दस्त की शीघ्र पहचान और प्रभावी दस्त प्रबंधन के लिए ओ.आर.एस. एवं जिंक के सही उपयोग को बढ़ावा देगा। यह पहल बिहार के तीन और उत्तर प्रदेश के सात जिलों में संचालित की जाएगी।डॉ. मधु सिन्हा, सलाहकार बाल रोग विशेषज्ञ, मोहित इम्यूनाइजेशन एंड चाइल्ड केयर सेंटर, पटना, कहती हैं कि डायरिया भारत में एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा बना हुआ है। गहन अध्ययन से पता चला है कि डायरिया भारत में पाँच साल से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है। दस्त के प्रचलन के कुछ मुख्य कारक असुरक्षित पानी, खराब स्वच्छता और सफाई और ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओ.आर.एस.) का कम उपयोग हैं।

# नालंदा में मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक: विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा और भावी योजनाओं पर जोर

**संजय कुमार**
**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को अपनी प्रगति यात्रा के तहत नालंदा जिले का दौरा किया और शहीद हरदेव भवन, बिहारशरीफ में जिलास्तरीय समीक्षा बैठक की।इस बैठक में उन्होंने जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति का आकलन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने प्रस्तुत किया विकास योजनाओं का ब्यौरा बैठक में नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इनमें प्रमुख रूप से बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, हर घर नल का जल, हर खेत तक सिंचाई का पानी, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, पशु चिकित्सा सेवाओं की डोर-स्टेप डिलीवरी, पंचायत सरकार भवन निर्माण सहित अन्य योजनाओं की प्रगति का विवरण शामिल था। इसके अलावा हर पंचायत में 10+2 विद्यालय, खेल मैदानों का निर्माण, मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना, जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत तालाबों व कुओं के पुनरुद्धार की स्थिति पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल एवं कृषि क्षेत्र में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नालंदा जिले के विकास कार्यों की समीक्षा संतोषजनक है, लेकिन योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता की जरूरतों को प्राथमिकता दें और सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करें।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार का मुख्य उद्देश्य बिहार के हर जिले को समृद्ध बनाना है। 2005 के बाद हमने बिहार में जो विकास कार्य किए हैं, वे जनता के सामने हैं। हमने हर क्षेत्र में सुधार किया है– चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़क हो, बिजली हो या रोजगार।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि बिहार में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं।2006 से सरकारी स्कूलों में पोशाक योजना, 2009 में लड़कियों के लिए साइकिल योजना, 2010 में लड़कों के लिए साइकिल योजना शुरू की गई, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का जिक्र करते हुए बताया कि 2005 से पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मात्र 39 मरीज महीने में आते थे, लेकिन आज औसतन 11,000 से अधिक मरीजों को इलाज मिल रहा है।




मेडिकल सुविधाओं का विस्तार करते हुए बिहार में 6 से बढ़ाकर 12 सरकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं। पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (ढटळल) को 5400 बेड की क्षमता का बनाया जा रहा है।

नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए 10 लाख सरकारी नौकरियों का लक्ष्य रखा गया था, जिसे बढ़ाकर 12 लाख किया गया है। अब तक 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं, और 24 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया है।

मुख्यमंत्री ने नालंदा जिले में हुए प्रमुख विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान, महिला आईटीआई, दंत चिकित्सा महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय, ओबीसी कन्या विद्यालय का निर्माण किया गया है। सड़क संपर्क को बेहतर बनाने के लिए बिहटा-सरमेरा उच्च पथ, नालंदा-बेन-इस्लामपुर पथ, दनियावां-एकंगरसराय-इस्लामपुर पथ, बिहारशरीफ-हिलसा-इस्लामपुर-राजगीर बाईपास सहित कई प्रमुख सड़कों का निर्माण किया गया है।

समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने बिजली आपूर्ति, सड़क मरम्मत, जल निकासी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की मांग की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार जनता के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य कर रही है। पंचायत स्तर से लेकर शहरों तक, हर क्षेत्र में विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन घोषणाओं को मंजूरी दी गई है, उन्हें शीघ्र क्रियान्वित किया जाए। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि बिहार को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। समीक्षा बैठक में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री सह नालंदा जिला के प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सह सहकारिता मंत्री डॉ० प्रेम कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, विधायक श्री हरि नारायण सिंह, विधायक श्री जितेंद्र कुमार, विधायक डॉ० सुनील कुमार, विधायक श्री कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, विधायक श्री कौशल किशोर, विधायक श्री राकेश कुमार रौशन, विधान पार्षद श्रीमती रीना कुमारी, विधान पार्षद श्री नीरज कुमार, नालंदा जिला परिषद् की अध्यक्ष श्रीमती तनुजा कुमारी, नगर निगम की महापौर श्रीमती अनीता देवी, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष मो० अरशद, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष श्री रविशंकर प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय श्री कुंदन कृष्णन, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री मयंक बरबड़े, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री राकेश राठी, नालंदा के जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर, नालंदा के पुलिस अधीक्षक श्री भारत सोनी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की इस समीक्षा बैठक में नालंदा जिले के विकास कार्यों की विस्तार से चर्चा हुई और आगे की रणनीतियों पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता जनता को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना और बिहार को देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में लाना है।

## वित्त मंत्रालय भारत सरकार के अवर सचिव श्री रत्नाकर झा द्वारा वित्तीय समावेशन में प्राप्त विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई




**जमुई, नवशक्ति ( प्रभाकर कुमार)।** समाहरणालय जमुई स्थित अपने कार्यालय में जिला पदाधिकारी जमुई श्रीमती अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत वित्त मंत्रालय भारत सरकार के अवर सचिव श्री रत्नाकर झा द्वारा वित्तीय समावेशन में प्राप्त उपलब्धि की विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई 'समीक्षा के क्रम में उन्होंने जनधन खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना आदि परविस्तार से चर्चा की गई ' अवर सचिव ने बैंकों को योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए कई दिशा निर्देश भी दिए ' उन्होंने मार्च 2025 तक आकांक्षी जिला अंतर्गत सभी बैंकों को उक्त योजनाओं की शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया 'बैठक की समाप्ति के उपरांत वित्त मंत्रालय भारत सरकार के अवर सचिव रत्नाकर झा,भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक कुमार नीलोपत्त, डीडीएम नाबार्ड अभिषेक आलोक, अग्रणी जिला प्रबंधक लक्ष्मी इक्का द्वारा जिला पदाधिकारी महोदया से उक्त योजनाओं को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया ' मौके पर जिला प्रशासन व संबंधित बैंकों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## घूसखोर राजस्व कर्मचारी चढ़ा विजिलेंस के हत्थे



**जमुई, नवशक्ति (राजेश कुमार सिन्हा)।** जमुई जिला का अधिकतर अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार के दलदल में अखंड डूबी हुई है। जिसका जीता जगत प्रमाण आज पुनः अंचल कार्यालय खैरा प्रखंड में देखा गया। विजिलेंस की टीम रिश्वतखोर राजस्व कर्मचारी आशीष कुमार को जमीन परिमार्जन को लेकर 60 हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। राजस्व कर्मचारी जमीन परिमार्जन के लिए पीड़ित से 70 हजार घुस की मांग की थी। पीड़ित की शिकायत पर विजिलेंस की टीम ने जाल बिछाया जिसमें घूसखोर राजस्व कर्मचारी पकड़ा गया। घूसखोर कर्मचारी को गिरफ्तार कर विजिलेंस की टीम अपने साथ लेकर चली गई। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी जमुई अंचल में पद स्थापित राजस्व कर्मचारी सिया सारण यादव अभी भी लाल डायरी मामले में सलाखों के अंदर है। फिर भी जमुई अंचल कार्यालय में एक-एक राजस्व कर्मचारी पर तीन से चार दलाल रहता है । और गोपनीय कागजात छेड़ छाड़ करते रहता हैं ।फिर भी वरीय अधिकारी आंख मूंदे रहते है। जिला प्रशासन को उड़ान दस्ता टीम बनाकर अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी के कार्यालय पर छाप मारना चाहिए। जमुई अंचल के राजस्व कर्मचारी से ज्यादा उसके अधीन करने वाला करने वाले दलाल के घर पर जमावड़ा लगा रहता है।

## बाल श्रम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, पटना में 10 बच्चों को बंधुआ मजदूरी से मुक्त कराया गया

**पटना।** दिनांक 20 फरवरी 2025 को श्रम संसाधन विभाग, बिहार और स्थानीय पुलिस के संयुक्त कार्रवाई में एक बड़े अभियान के तहत 10 बाल श्रमिकों को बंधुआ मजदूरी से मुक्त कराया गया। यह अभियान बाल शोषण और मानव तस्करी के खिलाफ चल रही मुहिम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। यह कार्रवाई श्री सुबोध सिन्हा, निवासी नौजार घाट, खाजेकलां थाना क्षेत्र के ठिकाने पर की गई, जहां बच्चों को नग बनाने के काम में जबरन मजदूरी कराई जा रही थी। मुक्त कराए गए बच्चों की उम्र 8 से 12 वर्ष के बीच थी और वे बेहद दयनीय परिस्थितियों में रह रहे थे, जहां उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी अधिकारों से वंचित रखा गया था।

उक्त के विषय में श्रम संसाधन विभाग के सचिव श्री दीपक आनन्द ने कहा, ?हम जनता से अपील करते हैं कि वे बाल श्रम के मामलों की सूचना तुरंत दें, ताकि हम मिलकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। हर बच्चे को एक सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार है। बिहार में बाल श्रम के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है और इस अमानवीय कृत्य में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही हम प्रदेश वासियों से ये अपील करेंगे कि कोई भी बाल मजदुर दिखने पर 9471229133 पर व्हाट्स एप के जरिये संसूचित किया जा सकता है ।

# नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा नहीं, राजनीतिक विदाई यात्रा है: आरजेडी प्रवक्ता दीपक कुमार सिंह

### मुख्यमंत्री पर लगाया जनता से दूरी बनाने और पुरानी योजनाओं को दोबारा समर्पित करने का आरोप

**संजय कुमार**
**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के जिला प्रवक्ता दीपक कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रेस बयान जारी कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा को जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की ?राजनीतिक अंतिम यात्रा? करार दिया। उन्होंने दावा किया कि 2025 के विधानसभा चुनाव के बाद जेडीयू कई टुकड़ों में बंट जाएगी और बिहार में भी महाराष्ट्र जैसी राजनीतिक स्थिति दोहराई जाएगी। दीपक कुमार सिंह ने कहा कि बीते 20 वर्षों में मुख्यमंत्री कई बार नालंदा का दौरा कर चुके हैं, लेकिन यह पहली बार हुआ कि प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें जनता से पूरी तरह दूर रखा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा पुरानी योजनाओं को केवल रंग-रोगन कर दोबारा जनता को समर्पित कर दिया गया ।जनता से मुख्यमंत्री को दूर रखने की साजिशः आरजेडी प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान बिहारशरीफ शहर को पूरी तरह सील कर दिया गया, जबकि उस समय मैट्रिक परीक्षा भी चल रही थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मीडिया को भी कार्यक्रम से दूर रखा गया, जिससे जनता मुख्यमंत्री से अपनी समस्याएं साझा नहीं कर सकी। दीपक कुमार सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री पूरी तरह थक चुके हैं और अब



उनसे बिहार का भला नहीं हो सकता। नालंदा की जनता अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिलना चाहती थी, लेकिन प्रशासन ने पूरे बिहारशरीफ को सील कर दिया, ताकि जनता मुख्यमंत्री की वास्तविक स्थिति से अवगत न हो सके ।दीपक कुमार सिंह ने आगे कहा कि बिहार की जनता अब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। उन्होंने दावा किया कि 18 और 19 फरवरी को नालंदा में संपन्न आरजेडी के कार्यक्रमों से कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह है ।उन्होंने कहा, ?नालंदा जिले की सभी सातों विधानसभा सीटों पर आरजेडी कार्यकताओं ने जीत दिलाने और तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया है। नालंदा की जनता भी तेजस्वी यादव के नेतृत्व में एक नए बिहार की उम्मीद कर रही है। दीपक कुमार सिंह ने तेजस्वी यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व राज्य में बदलाव लाने की क्षमता रखता है और आगामी चुनावों में बिहार की जनता उन्हें मुख्यमंत्री बनाएगी।

# जनहित के लिए प्रतिबद्ध है जनसुराज : वंदना कुमारी



**पटना।** हर कौम तभी तरक्की करती है जब आपसी मेलजोल और एक- दूसरे के दुःख दर्द को समझते हों। हमारा यही प्रयास है कि हम सभी आपसी सहयोग से एक बेहतर समाज का निर्माण करें। इसी नाते आप सभी से मैं आपसे मिलने के लिए आती हूं।

ये बातें कुम्हरार विधानसभा की दावेदार प्रत्याशी वंदना कुमारी ने वार्ड 50 और 51 के लोगों से जन संपर्क अभियान के दौरान कही। वंदना कुमारी ने कहा कि मेरा एक ही संकल्प है कि जनता का सुंदर राज लाना है। मीटिंग में समाज के सभी वर्गों के लोग उपस्थित रहे। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि वंदना कुमारी जैसी समाज के दुःख- सुख को समझने वाली प्रतिनिधि की जरूरत है। वंदना कुमारी ने जन संपर्क अभियान वार्ड 51 के पत्थर की मस्जिद, टेकारी रोड से आरम्भ होकर अन्य गलियों में चलाया गया। साथ में जन सुराज का सदस्यता भी दिलाया गया। इससे पहले वार्ड 50 के गरहुआ टोला में मीटिंग की गई। इस दौरान दोनों वार्ड क्षेत्र के दुकान, मकान और चौराहों का भ्रमण किया गया। वार्ड के लोगों ने अपनी समस्याओं को भी रखा।

# पत्नी निकली पति का हत्यारा

**बेतिया, (संजय पांडे)।** पश्चिम चंपारण जिला के शिकारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विद्युत विभाग नरकटियागंज में कार्यरत संजीव कुमार वर्णवाल जो पुरानी बाजार नरकटियागंज मैं रहते थे 17 फरवरी 2025 को सुबह में अपनी पत्नी निशा बर्णवाल के साथ टहलने जाने के क्रम में गोपाला स्थान टीपी वर्मा कॉलेज के सामने सड़क पर अपराधियों द्वारा चाकू एवं गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था ।इलाज के क्रम में संजीव कुमार बर्णवाल का मृत्यु हो गया ।इस घटना के संबंध में संजीव कुमार बर्णवाल की पत्नी निशा बर्णवाल के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी नामजद दो अभियुक्त एवं चार अज्ञात के विरुद्ध शिकारपुर थाना कांड संख्या 207/2025 अंकित कराया गया था। तत्काल प्राथमिक के नामजद अभियुक्त मोहित राज को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिक्षा में भेजा गया। काण्ड के उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक पश्चिम चंपारण बेतिया द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नरकटियागंज के नेतृत्व में तकनीकी



शाखा के पदाधिकारी एवं अन्य के साथ एक टीम का गठन किया गया ।टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर इस कांड का उद्भेदन 24 घंटा के अंदर कर कांड के अभियुक्त मोगल सहनी उर्फ सचिन सहनी को गिरफ्तार किया गया ।मुगल सहनी इस घटना में अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक के पत्नी द्वारा प्रलोभन देकर हत्या कराया गया है ।जिसमें मुगल साहनी के अलावा अन्य तीन सम्मिलित हैं। मुगल सहनी के अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल,चाकू एवं घटना के समय अपराधियों द्वारा पहना गया कपड़ा बरामद किया गया है। इस कांड में चार अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय में अग्रसारण किया जा रहा है। एक अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं पिस्तौल की बरामदगी हेतु छापामारी की जा रही है। कांड के अभियुक्त मोगल सहनी एवं मुकेंद्र सहनी का अपराधिक इतिहास भी है। गिरफ्तार बदमाशों मेंसचिन कुमार सहनी उर्फ मुगल सहनी पिता नकच्छेद सहनी ग्राम बसंतपुर,मुकेंद्र कुमार उर्फ नकुल कुमार पिता स्वर्गीय खदेरू मुखिया ग्राम बसंतपुर दोनों थाना साठी,. रामाशीष कुमार पिता जटाशंकर कुमार ग्राम छोटका धनकुटवा थाना बलथर. निशा बर्णवाल पति स्वर्गीय संजीव कुमार बर्णवाल ग्राम पुरानी बाजार थाना शिकारपुर शामिल है वही घटना में प्रयुक्त. लाल रंग का होंडा शाइन मोटरसाइकिल- एक . मोबाइल- दो. घटना में प्रयुक्त चाकू- एक, घटना के समय अभियुक्तों का वस्त्र बरामद किया गया है।

# महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका लांबा का मंजूबाला पाठक ने पटना में किया हार्दिक स्वागत

**पटना।** कांग्रेस नेत्री मंजूबाला पाठक ने महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका लांबा जी का बिहार की पावन धरती पर स्वागत और अभिनंदन किया।

बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्षा शरबत जहां फातिमा जी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं के साथ मंजूबाला पाठक ने अलका लांबा जी का स्वागत किया।

मिडिया को बताते हुए कांग्रेस नेत्री और महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष मंजूबाला पाठक ने कहा कि कांग्रेस ने शुरू से ही बेटी और रोटी को बढ़ावा दिया है। कांग्रेस ने महिलाओं के विकास,उनका स्वावलंबन, उनकी राजनीतिक सहभागिता, समानता और उनके समाज के मुख्यधारा में लाने का काम किया हैं।

आयरन लेडी स्वर्गीय इंदिरा



गांधी जी के विचारों और उनके आदर्शों से प्रभावित मंजूबाला पाठक ने कहा कि अबकी बार बिहार की महिलाएं अपने समर्पण,त्याग और एकता का प्रतीक बन देश को बेहतर भविष्य देनेवाले कांग्रेस में अपना विश्वास व्यक्त करेगी। प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मंजूबाला पाठक ने कहा कि महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका लांबा जी के बिहार दौरे से महिला कांग्रेस विंग संगठन और मजबूत होगी और प्रदेश की महिलाओं को कांग्रेस में विश्वास और भरोसा बढ़ेगा। आपको बताते चलें कि कांग्रेस नेत्री मंजूबाला पाठक पिछले एक दशकों से चंपारण में कांग्रेस की झंडा बुलंद किए है और महिलाओं को लगातार कांग्रेस से जोड़ रही है और कांग्रेस की नीतियों और विचारों को महिलाओं तक पहुंचा रहीं है। मंजूबाला पाठक ने कहा कि नेत्री अलका लांबा की बिहार दौरा को आने वाले कांग्रेस की बिहार में महिलाओं की राजनीतिक पकड़ और सुचिता को बढ़ाने का काम करेगी।

# समाजसेवी अवधेश सिंह समाज के लिए प्रेरणास्रोत: नंदकिशोर यादव

**बिहटा।** समाजिक न्याय के क्रांतिकारी ,प्रखर समाजवादी नेता सह शिक्षा प्रेमी स्व अवधेश सिंह संघर्ष इमानदारी को अपने जीवन में अपनाकर विश्वास और सहयोग की भावना को प्रेरित किया ।उनके द्वारा समाज में किये गये कार्य प्रेरणास्त्रोत हैं ये बातें बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने बीआरएस यादव कालेज कन्हौली के प्रांगण में समाजसेवी अवधेश सिंह यादव की आदम कद प्रतिमा का अनावरण करते हुए कही, उन्होंने कहा कि वे शिक्षा के उत्कृष्टता बनायें रखने में निरंतर प्रयास करते रहे जिससे किसानों, कार्यकार्ताओ, एवं आमलोगों के प्रति अपने लगाव व प्रेम के कारण वह आम जनमानस में छा ही नहीं गये? वल्कि सभी के दिलों दिमाग में रस-वस गये। जिसका कारण यह है कि उनका कार्यकताओं, समाज के प्रति बहुमूल्य योगदान, सरल विचार और समाजवादी चिंतन लोगों के प्रति संवेदना है । पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि अवधेश बाबू के सामाजिक जीवन के कार्यों से कार्यकर्ताओ , राजनीतिक, सामाजिक, दलित पिछड़े, एवं शोषित वर्ग उनका ऋणी है। राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि उनके कार्य, विचार,सरल भाषा - शैली,रहन - सहन एवं विनम्र स्वभाव आदि उनका समाजिक जीवन में कोई तोड़ नहीं है वैसे महा- विभूति, राजनीतिक चिंतक




, समाजिक विचारधारा के मजबूत स्तम्भ के रूप में याद किए जायेंगे। पूर्व विधायक श्रीकांत निराला ने कहा कि समाजिक आंदोलन से निकल कर राजनीति के सभी विद्याओं में अपनें आपको अव्वल साबित करने में सफल रहे। उन्होंने समाज में सभी के बराबरी का हक मिलें इसके लिए अपना जीवन सर्वस्व न्यौछावर करने में पिछे नहीं हटे। ऐसे महान समाजिक कार्यकर्ता हमेशा याद किये जाते रहेंगे। पूर्व विधायक प्रो सूर्यदेव त्यागी ने कहा कि उनके द्वारा किये गये कार्य समाज में बेमिसाल व कृतिमान है वे समाजिक, राजनीतिक सुखियो में रहते हुए अभावग्रस्त जीवन में भी लाचार, गरीबो , शोषितों को सहायता करते रहे। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद कर बताये मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। समारोह की अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष अनिल कुमार ने तथा संचालन प्रो परमेश्वर ठाकुर ने स्वागत भाषण कालेज के प्राचार्य प्रो उमेश प्रसाद ने किया ।उपस्थित लोगों में पूर्व सांसद प्रकाश चंद्र, निखिल आनंद, चंद्रमा सिंह यादव, यमुना यादव, प्रो सुदामा प्रसाद यादव,प्रो बेनी माधव सिंह,प्रो रामबाबू राय,प्रो धर्मपाल सिंह,प्रो कृष्ण कुमार सिंह,सहदेव राय, मदन मस्ताना, ललित कुमार, विरेंद्र कुमार सिंह , सुभाष यादव, जदयू अध्यक्ष राजू यादव, जीतेन्द्र कुमार, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

नव शक्ति समाचार पत्र मैं प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुद्रक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालय: कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना–800023 संपादक प्रकाशक – मुद्रक एवं स्वामी: जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना–4 से मुर्दित। सम्पर्क नम्बर: 9473032029, 9939472461 ईमेल– navshakti2010@gmail.com RNI-BIHHIN/2012/43368

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024- फीडबैक के लिए 375 टीम रवाना

## एंटी लार्वा के छिड़काव के साथ ही घर घर जाकर करेंगे फीडबैक देने की अपील



**पटना।** आमजनों को फीडबैक के प्रति जागरुक करने के लिए 375 टीम एक साथ मुख्यालय से रवाना हुई। माननीय महापौर एवं उपमहापौर द्वारा हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया गया। गौरतलब है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए फीडबैक के लिए पोर्टल शुरू हो चुका है। आमजन कुछ सवालों का जवाब देकर अपने शहर के कार्यों पर अपनी राय दे सकते है। इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में नागरिकों के फीडबैक एप, फोन आदि माध्यमों से फीडबैक देने की शुरूआत हो गयी है। घर घर जाकर लिया जाएगा फीडबैक पटना नगर निगम के कर्मियों द्वारा घर घर जाकर एंटी लार्वा का छिड़काव करने के साथ ही आमजनों से फीडबैक लिया जाएगा। कर्मियों को मुख्यालय से क्युआर कोड लगे आई कार्ड दिया गया जो निगमकर्मी पहन कर घूमेंगे। इसके साथ ही कर्मियों के एंटी लार्वा की मशीन पर भी क्युआर कोड चिपकाया गया है जिसके द्वारा आमजनों से स्वच्छता के लिए फीडबैक देने की अपील की जाएगी।

50 घर का दिया गया है लक्ष्य महापौर द्वारा कर्मियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा गया कि आपके कारण ही पटना चकाचक बना है इसे बरकरार रखने लिए हर घर को जागरुक करना है। उपमहापौर रेशमी कुमारी ने आमजनों से फीडबैक के लिए आग्रह करने का निर्देश दिया। वहीं अपर नगर आयुक्त द्वारा कर्मियों को प्रतिदिन 50 घर घूमने एवं फीडबैक करवाने का निर्देश दिया। सभी कर्मी प्रतिदिन 50-50 घर घूमेंगे एवं एंटी लार्वा के छिड़काव के साथ आमजनों को फीडबैक के लिए अपील करेंगे। 10 सवालों का देना है जवाब स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत सिटीजन फीडबैक अभियान की शुरूआत की गई है। इसके लिए 10 सवालों का समूह तैयार किया गया है। कार्यक्रम के दौरान माननीय महापौर, माननीय उपमहापौर, स्टैंडिंग कमिटी के माननीय सदस्यगण, अपर नगर आयुक्त एवं सभी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी, स्वच्छता पदाधिकारी एवं नगर निगम के कर्मचारी मौजूद रहे।

# विधान सभा चुनाव में युवाओं को अधिक से अधिक टिकट दिए जायेंगे: डॉ. अखिलेश



**पटना, ( संवाददाता)।** युवा कांग्रेस के कार्यकताओं को आगामी विधान सभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा टिकट दे कर युवाओं को उनका हक दिलायेंगे। बिहार की राजनीति में युवाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना हमेशा से मेरा धेय रहा है ताकि बिहार में चेतनशील नेतृत्व का आभाव कभी खले नहीं। ये बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कही।वे बिहार प्रदेश युवा काँग्रेस द्वारा आयोजित शंखनाद प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से बिहार के नव नियुक्त प्रभारी कृष्णा अल्लावरु के स्वागत में किया गया था। मालुम हो कि अल्लावारु अभी भी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी हैं। बिहार कांग्रेस प्रभारी अल्लावरु ने इस अवसर पर विभिन्न इलाकों से आये कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गठबंधन में मिलनेवाली सीटों की चिंता किए बिना युवा काँग्रेस के साथी चलो पंचायत चलो गाँव कार्यक्रम में तेजी लायें क्योंकि यहीं से राजनीतिक जमीन तैयार होती है और आपका भविष्य भी यहीं से निर्धारित होता है। उन्होंने चेतावनी दी कि निष्क्रिय कार्यकताओं को 5 दिन के भीतर संघटन से बाहर कर दिया जाएगा।मो शहीद ने कहा की बिहार प्रदेश युवा काँग्रेस सगठन को मजबूती प्रदान करने की बात कहा प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष गरीब दास ने कहा की बतौर बिहार प्रभारी श्री कृष्णा अल्लावरु पहली बार पटना आने पर उनका स्वागत किया और युवा कांग्रेस की ओर से संगठन एवं टिकट को लेकर उचित भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कहा। इस मौके पर मो शहीद, सम्राट केसरी जेना, रौशनी कुशल जैसवाल उपस्थित रहें। कार्यक्रम कि अध्यक्षता बिहार प्रदेश युवा कॉंग्रस के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने किया । मन्नू जैन, पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना, पूर्व अध्यक्ष युवा कांग्रेस गुंजन पटेल, अभिषेक रंजन, अबू तनवीर, विकास झा, बिट्टू यादव, मुकुल यादव, विवेक चौबे, सद्दाम आरिफ नवाज मौजूद रहे ।

## राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव का आज विधिवत उद्घाटन

**दुमका /प्रियव्रत झा।** राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव 2025 का आज दिनांक 21 फरवरी 2025 को विधिवत रूप से उदघाटन किया जाएगा। स्थानीय ग्राम प्रधान द्वारा 28 फरवरी 2025 तक चलने वाले राजकीय जनजातीय हिजला मेला का उदघाटन शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे किया जाएगा।सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। 21 फरवरी 2025 (शुक्रवार) को उद्घाटन समारोह में उल्लास जुलुस,ध्वजारोहण एंव तीरंदाजी, घोड़ा नृत्य , छऊ नृत्य, पाईका नृत्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। 22 फरवरी 2025 (शनिवार) को पारंपरिक नृत्य एंव खेल-कूद प्रतियोगिता का आरंभ, क्विज प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 23 फरवरी 2025 (रविवार) को कवि सम्मेलन, जादोपटिया चित्रांकन प्रतियोगिता, बॉलीबॉल प्रतियोगिता, खो-खो, कबड्डी प्रतियोगिता एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। 24 फरवरी 2025 (सोमवार) को भारोत्तोलन, कुश्ती, भाषण प्रतियोगिता एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं चदर - बादोनी लोगों को देखने मिलेगा। 25 फरवरी 2025 (मंगलवार) को निबंध लेखन (जनजातीय त्योहार), सांस्कृतिक कार्यक्रम एंव खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 26 फरवरी 2025 (बुधवार) को पारम्परिक फैशन शो, परिचर्चा एंव नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। 27 फरवरी 2025 (गुरुवार) को बाल कवि गोष्ठी, खो-खो एंव वॉलीवॉल का फाईनल प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, म्युजिकल नाईट का आयोजन होगा। 28 फरवरी 2025 (शुक्रवार) को समापन समारोह नटुआ नृत्य , घड़ा उतार प्रतियोगिता, पुरस्कार वितरण, आतिशबाजी इत्यादि का आयोजन किया जाएगा। पूरे मेला अवधि में विशेष आकर्षण : कृषि प्रर्दशनी, ट्राइबल म्युजियम, विभिन्न विभागों की प्रर्दशनी होगी।

## मैट्रिक पेपर लीक की सीबीआई जांच कराए राज्य सरकार: बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज मैट्रिक परीक्षा में पेपर लीक मामले को लेकर राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि पेपर लीक माफिया के रूप में कुख्यात हेमंत सरकार ने झारखंड को फिर से शर्मसार कर दिया है। शायद यह पहली बार है कि झारखंड में मैट्रिक परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। कहा कि आज सुबह से विज्ञान विषय का पेपर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। परीक्षा शुरू होने के बाद जब प्रश्न पत्र से मिलान किया गया तो हू-ब-हु मिल गया। कहा कि पूरी संभावना है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक करने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी गिरोह ने ही मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक कांड को अंजाम दिया है! कहा कि जैक अध्यक्ष ने भी प्रश्न पत्र मिलने की बात स्वीकार की है, जबकि शिक्षा विभाग के अधिकारी लीपापोती करने में लगे हैं। कहा कि मैट्रिक परीक्षा में पेपर लीक की घटना अस्वीकार्य है। शिक्षा मंत्री और जैक अध्यक्ष नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत अपना इस्तीफा दें। राज्य सरकार इस पेपर लीक कांड के सीबीआई जांच की अनुशंसा कर दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने काष्ठ प्रजाति के प्रामाणिक बीज प्राप्त करने के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी

**पटना।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ.प्रेम कुमार की अध्यक्षता में अरण्य भवन स्थित कार्यालय कक्ष में काष्ठ प्रजाति के प्रामाणिक बीज प्राप्त करने के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। बैठक में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कार्य नियोजना प्रशिक्षण एवं विस्तार, बिहार / मुख्य वन संरक्षक, प्रशासन एवं मानव संसाधन, बिहार/मुख्य वन संरक्षक, संयुक्त वन प्रबंधन, बिहार / मुख्य वन संरक्षक-सह-वन संरक्षक (आई०टी०), बिहार/वन संरक्षक, वन्यप्राणी अंचल, पटना/निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना तथा सचिवालय की ओर से विशेष सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार / संयुक्त सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार द्वारा भाग लिया गया।राज्य में वृहद पैमाने पर जल-जीवन-हरियाली अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण कार्य कराया जा रहा है। वृक्षारोपण कार्य की समीक्षा के दौरान माननीय मंत्री द्वारा विभागीय पौधशाला / किसान पौधशाला / जीविका पौधशाला में उगाये जा रहे पौधों के बीज की प्रामाणिकता के संबंध में विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गयी। विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में राँची, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, उडीसा इत्यादि राज्यों से बीज का क्रय किया जाता है। साथ ही यह भी बताया गया कि स्थानीय स्तर पर भी स्वस्थ एवं रोगरहित से भी बीज का संग्रहण किया जाता है।माननीय मंत्री द्वारा वरीय पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि कृषि फसलों के बीज की प्रामाणिकता हेतु स्थापित बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड के तर्ज पर काष्ठ प्रजाति के लिये प्रामाणिक बीज प्राप्त करने की दिशा में कार्य किया जाना आवश्यक है। हरित आवरण में वृद्धि तथा काष्ठ उत्पादन में बीज की महत्ता को देखते हुये विभागीय पौधशाला में उच्च कोटि को प्रामाणिक बीज प्राप्त करने हेतु माननीय मंत्री महोदय द्वारा बिहार राज्य वानिकी विकास निगम लिमिटेड का निदेश दिया गया। प्रमाणिक बीज से रोपित पौधों की गुणवता एवं विकास अच्छा होगा, साथ ही कृषि वानिकी योजना अंतर्गत किसानों को उच्च गुणवत्ता के पौधे प्राप्त होने से उनकी आय में वृद्धि होगी। प्रामाणिक बीज तैयार करने हेतु विभिन्न वन प्रमण्डलों में स्थापित वन संसाधन केन्द्र का भी उपयोग करने का निदेश माननीय मंत्री महोदय द्वारा दिया गया।

## छत्रपति शंभाजी की जीवनी पर बनी छावा फिल्म को टैक्स फ्री करे सरकार- डॉ अमरदीप यादव

**पटना।** भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव ने धर्मवीर, कर्तव्यनिष्ठ, महाप्रतापी और हिंदवी स्वराज रक्षक श्रीछत्रपति संभाजी महाराज के गौरवशाली इतिहास पर बनी और पूरे देश में रिलीज हुई फिल्म ₹छावा₹ को झारखंड में टैक्स फ्री करने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की है। डॉ अमरदीप यादव ने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा है कि फिल्म ₹छावा₹ को मनोरंजन कर मुक्त किया जाए ताकि अधिक से अधिक झारखंडवासी विशेष रूप से युवा एवं विद्यार्थी वर्ग इस फिल्म को देखकर हिंदवी स्वराज के महानायक के गौरवशाली एवं संघर्षमयी इतिहास को जान सकें। राज्यवासी छत्रपति शंभाजी महाराज के जीवन से देश की एकता, अखंडता, राष्ट्रवाद और हिंदुत्ववाद की प्रेरणा लेंगे। पत्र में डॉ अमरदीप ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के बाद उनके सुपुत्र हिंदवी स्वराज की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले संभाजी महाराज की वीरता, ओजस्विता और साहस अत्यंत गौरवपूर्ण रहा है। औरंगजेब द्वारा छल-बल का उपयोग कर छत्रपति शंभूराजे एवं उनके मित्र कवि कलश को गिरफ्तार करने के बाद सब यातनाएं दी, दोनों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, किंतु स्वराज का भाव और हिंदू धर्म नहीं छोड़ा।

# आयुष्मान भारत से छोटे अस्पतालों को हटाना बड़े अस्पतालों को लाभ पहुंचाने की है साजिश : अजय साह




**रांची।** झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस आयुष्मान भारत योजना का लाभ पूरे देश में जरूरतमंदों को मिल रहा है, उसी योजना को झारखंड सरकार बंद करने की तैयारी कर रही है।

अजय साह ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी उस आदेश का उल्लेख किया, जिसमें आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निजी अस्पतालों को सूचीबद्ध करने के नए नियमों का प्रावधान किया गया है। इस आदेश के अनुसार, अब केवल उन्हीं अस्पतालों को इस योजना के अंतर्गत शामिल किया जाएगा जो शहरी क्षेत्रों में कम से कम 50 बिस्तरों और ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम 30 बिस्तरों की सुविधा रखते हैं। उन्होंने आशंका जताई कि इस आदेश के लागू होने के बाद पूरे झारखंड में मुश्किल से 15 अस्पताल ही ऐसे रह जाएंगे, जो इस योजना का लाभ प्रदान कर पाएंगे।

भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार पूरी तरह ह्लवित्तीय कुप्रबंधनह्व में फंस चुकी है, जिसके चलते विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में कटौती की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि स्वास्थ्य विभाग ने जानबूझकर ऐसे नियम बनाए हैं, जिनसे राज्य के अधिकांश अस्पताल इस योजना से बाहर हो जाएं, जिससे सरकार को योजना के फंड में कटौती करने का अवसर मिल जाए। अजय साह ने झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी के उस बयान पर भी सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने छोटे अस्पतालों में कथित भ्रष्टाचार रोकने के लिए उन्हें योजना से बाहर करने की बात कही थी। उन्होंने मांग की कि सरकार उन अस्पतालों के नाम और उन पर की गई कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक करे। उन्होंने आशंका जताई कि कहीं यह निर्णय बड़े कॉर्पोरेट अस्पतालों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से तो नहीं लिया गया है। भाजपा प्रवक्ता ने इस फैसले को जनविरोधी बताते हुए कहा कि यह झारखंड के लाखों जरूरतमंद मरीजों के हितों के खिलाफ है और सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। प्रेस वार्ता में मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाईक की मौजूदगी रही।

## परीक्षा लीक गैंग हेमंत सरकार के संरक्षण में फल-फूल रहा: शशांक राज



**रांची।** झारखंड में एक बार फिर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने झारखंड में हो रही परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक को लेकर हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि खररउ उत्क्ष्छ परीक्षा लीक होने के बाद भी सरकार ने अपनी कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं किया, और अब मैट्रिक परीक्षा का प्रश्नपत्र भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। शशांक राज ने आरोप लगाया कि परीक्षा लीक गैंग हेमंत सरकार के संरक्षण में फल-फूल रहा है और सरकार की लापरवाही के कारण हजारों छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि जब प्रश्न पत्र पहले ही वायरल हो गया था, तब भी सरकार के लोग कुंभकर्णी नींद में सोते रहे और कोई ठोस कदम नहीं उठाया। अब जब परीक्षा रद्द कर दी गई है, तो इससे छात्रों का मनोबल टूट गया है और उनकी मेहनत पर पानी फिर गया है। उन्होंने अविलंब दोषी पदाधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की । उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की नाकामी बार-बार साबित हो रही है और इस सरकार में छात्रों के भविष्य की सुरक्षा संभव नहीं दिख रही है। उन्होंने छात्रों और अभिभावकों से अपील की कि वे इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें।

# राष्ट्रीय सचिव विद्या भूषण श्रीवास्तव को दी गई श्रद्धांजलि जितेन्द्र कुमार सिन्हा



**पटना।** अपने विचारों, समर्पण और नेतृत्व से सभी को प्रेरित करने वाले व्यक्तित्व के धनी विद्या भूषण श्रीवास्तव आज हमलोगों के बीच नहीं हैं। उक्त बातें ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने उनके आकस्मिक निधन पर आयोजित शोक सभा कार्यक्रम में कही। उक्त जानकारी जीकेसी के ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक ने दी।

उन्होंने बताया कि जीकेसी के राष्ट्रीय सचिव के पद पर विद्या भूषण श्रीवास्तव आसीन थे। उनके आकस्मिक निधन से हुई क्षति की भरपाई नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय कार्यालय, किदवई पुरी पटना स्थित रॉयल गार्डन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था।श्री दीपक अभिषेक ने बताया कि शोक सभा के बाद ग्लोबल अध्यक्ष ने एक लिखित शोक संदेश विद्या भूषण श्रीवास्तव के परिवार को भेजते हुए कहा है कि यह अत्यंत दुखद समाचार है कि हमारे प्रिय विद्या भूषण श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सचिव, ग्लोवल कायस्थ कॉन्फ्रेंस, अव हमारे बीच नहीं रहे। उनके असामयिक निधन से न केवल उनका परिवार, वल्कि सम्पूर्ण कायस्थ समाज और जीकेसी परिवार एक अपूरणीय क्षति का सामना कर रहा है। विद्या भूषण श्रीवास्तव का योगदान संगठन और समाज के उत्थान में अमूल्य था। वे न केवल एक कर्मठ कार्यकर्ता थे, वल्कि अपने विचारों, समर्पण और नेतृत्व से सभी को प्रेरित करने वाले व्यक्तित्व थे। उनका जाना हम सभी के लिए गहरे शोक का विषय है। इस कठिन समय में मैं और सम्पूर्ण ग्लोवल कायस्थ कॉन्फ्रेंस परिवार आपके साथ खड़े हैं। उनका योगदान सदा हमारे हृदयों में जीवित रहेगा। उन्होंने बताया कि शोक सभा में विद्या भूषण श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया और दिवंगत आत्मा की शांति प्रदान करने और उनके परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य एवं संवल प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई और दो मिनट का मौन रखा गया। शोक सभा में शामिल होने वालों में ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन, ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक, बिहार प्रदेश महासचिव संजय कुमार सिन्हा, संगठन मंत्री बलिराम श्रीवास्तव, मानवाधिकार प्रकोष्ठ अध्यक्ष नम्रता आनंद, कला संस्कृति के दिवाकर कुमार, राजीव कुमार सिन्हा उर्फ संजू रवि जी प्रमुख थे।



पटना कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार के नवनियुक्त प्रभारी कृष्णा अल्लावारू को गुलदस्ता देकर स्वागत करते प्रवीण सिंह कुशवाहा।

# सांसद अरुण कुमार भारती की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



**जमुई, नवशक्ति (प्रभाकर कुमार)।** समाहरणालय परिसर जमुई में अरुण कुमार भारती की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय परिसर जमुई में अवस्थित सभा कक्ष में हुई।बैठक में माननीय विधायक दामोदर रावत, माननीय विधायक प्रभु प्रफुल्ल मांझी, जिला पदाधिकारी जमुई श्रीमती अभिलाषा शर्मा पुलिस अधीक्षक जमुई मदन कुमार आनंद एवं उप विकास आयुक्त जमुई वीरेंद्र कुमार समेत विभिन्न विभागों के नामित पदाधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधि गण ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से जिले में सड़क सुरक्षा क्रिया-कलापों की निगरानी, सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ो की निगरानी, सड़क दुर्घटना के कारणों को पहचानना और उसका अध्ययन, राष्ट्रीय राज्यों सड़क सुरक्षा परिषद को सुझाव प्रदान करना, गति सीमा और यातायात को सुचारू बनाने के उपायों की समीक्षा, जिले में नेक व्यक्तियों को प्रेरित करने के लिए कार्य-नीतियां बनाने, ओर नगर शहर तथा जिले में ग्राम पंचायत में यातायात पार्क-सह-प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना, जिले में सड़क सुरक्षा अभियान को बढ़ावा देना, सड़क सुरक्षा से संबंधित किसी अन्य मुद्दे एवं सड़क सुरक्षा मानकों का कार्यान्वयन सुनिश्चित कराने की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में विधायक जमुई एवं सिकंदरा द्वारा बताया गया कि सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त अन्य चिन्हित ब्लैक स्पॉट स्थल जहां पर हमेशा दुर्घटना घटित होती रहती है वहां भी आवश्यक कार्रवाई संबंधित विभाग द्वारा किया जाना आवश्यक है 'आगे उन्होंने हिट एंड रन के तहत परिलक्षित मामलों अग्रेतर कारवाई हेतु निदेशित किया गया। सड़क सुरक्षा के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला परिवहन शाखा एवं यातायात पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में निरंतर जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप दो पहिया वाहन चालकों द्वारा वाहन परिचालन क्रम में हैलमेट पहनने की प्रवृति में आशातीत बढ़ोतरी हुई है। सांसद महोदय द्वारा शिक्षा विभाग ओर स्वास्थ्य विभाग को स्पष्ट कार्ययोजना के आधार पर नियमित अंतराल पर सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों का जागरूकता अभियान के माध्यम से प्रचार प्रसार का निर्देश दिया गया है। उन्होंने अन्य विभागों के द्वारा भी जागरूकता अभियान के क्रियान्वयन में प्रभावी भूमिका का निर्वहन करना सुनिश्चित करने का निदेश दिया। वही कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण कार्य विभाग ओर पथ प्रमंडल को निर्माणधीन सड़को ओर पुरानी मरम्मती योग्य सड़को में रोड मार्किंग,जेबरा क्रॉसिंग, साइनेज लगाने का निर्देश दिया गया है।साथ ही दुर्घटना संभावय क्षेत्रों, घुमावदार क्षेत्रों में सावधान सचेत करने से संबंधित बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया है। बैठक में नगर निकाय क्षेत्र में जाम की समस्या से निपटने हेतु किए जा रहे प्रयास क्रम में जानकारी ली तथा वाहन परिचालन की व्यवस्था में आवश्यक निदेश दिया गया। बैठक में उपस्थित सड़क सुरक्षा समिति सदस्यों द्वारा अपने बहुमूल्य सुझावों से अवगत कराया गया, जिस पर विचार करने का निर्देश संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को दिया गया है।बैठक में जिलाधिकारी महोदया द्वारा संबंधित तकनीकी विभागों एवं अन्य विभागों को माननीय सांसद व माननीय विधायक द्वारा दिए गए निर्देशों के सम्यक अनुपालन का निर्देश दिया गया है।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी , जिला परिवहन पदाधिकारी,सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।